# कार्यालय आत्मा, पूर्वी सिंहभूम

## वर्ष 2019–20 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्वर एक्सटेंशन'' (SMAE) उपयोजना हेतु आयोजित आत्मा शासकीय निकाय (AGB) की बैठक की कार्यवाही।

<u>उपस्थिति पंजी अलग से संधारित है।</u>

दिनांक 27.09.2019 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2019–20 ''सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन'' (SMAE) उपयोजना के क्रियान्वयन हेतु आत्मा शासकीय निकाय की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम के द्वारा माननीय उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम एवं आत्मा शासकीय निकाय के सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया एवं बैठक प्रारंभ की गयी।

## प्रस्ताव

**1. केन्द्र प्रायोजित योजना Sub Mission on Agricultural Extension (SMAE) के अन्तर्गत वर्ष 2019–20 के जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) के क्रियान्वयन के संबंध में –**

इस संबंध में परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम ने बताया कि निदेशक, समेति, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 727 दिनांक 14.08.2019 द्वारा Sub Mission on Agricultural Extension (SMAE) के तहत् वर्ष 2019–20 में कुल 326.6627 लाख राशि की स्वीकृति प्राप्त है। जिसका मदवार गतिविधियों का क्रियान्वयन निम्नवत् किया जाना है –

(i) <u>किसानों का प्रशिक्षण</u> –

**(क) अन्तर्राजकीय प्रशिक्षण –**

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम ने बताया कि जिला के 25 कृषकों के समूह को राज्य से बाहर पाँच (5) दिनों के लिए कुल 3 समूह में प्रशिक्षण कराने का प्रावधान है । प्रति प्रशिक्षण मो० 1.56 लाख रू० जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में कर्णांकित है। प्रशिक्षण हेतु कुल 3 समूह में 25– 25 कृषकों को आत्मा के माध्यम से भेजा जाएगा।

| क्रम सं. | प्रशिक्षण की संख्या | प्रशिक्षण हेतु संस्थान का नाम | प्रशिक्षण हेतु ले जाने वाले संस्थान का नाम | प्रशिक्षण का विषय | सम्भावित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 | Indian Institute of Pulse Research, Kanpur, Uttar Pradesh | आत्मा | दलहनी फसलों का उन्नत/ वैज्ञानिक तकनीक से खेती | दिसम्बर 2019 |
| 2 | 1 | Ramkrishna Ashram Krishi Vigyan Kendra Nimpith South 24 Pargana West Bengal | आत्मा | समेकित कृषि प्रणाली एवं सब्जी फसलों का कीट प्रबंधन | दिसम्बर 2019 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | Krishi Vigyan Kendra, Jhabua, M.P | आत्मा | समेकित मुर्गी पालन ( कड़कनाथ मुर्गा) एवं प्रबंधन | जनवरी 2019 |

उपरोक्त संस्थानों में कृषकों का अन्तर्राजकीय प्रशिक्षण कराने हेतु आत्मा शासकीय निकाय से स्वीकृति अपेक्षित है।

**(ख) राजकीय प्रशिक्षण –**

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम ने बताया कि जिला प्रसार कार्य योजना (District Extension Work Plan) के अनुसार जिला के कृषकों को राज्य के अंदर प्रति प्रशिक्षण 25 कृषक की दर से कुल 22 प्रशिक्षण 550 कृषकों को देने का प्रावधान है। प्रति प्रशिक्षण मो0 1.25 लाख रू0 जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में कर्णांकित है। इस प्रशिक्षण को आत्मा एवं प्रखण्ड तकनीकी दल के माध्यम से राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थानों में भेजा जाएगा। NMAET, आत्मा मार्गदर्शिका, 2018 के कंडिका 5.1.7 पृष्ठ सं0 37 में उल्लेख निदेश के आलोक में कृषक गतिविधि मद के 10 प्रतिशत कार्य गैर सरकारी संस्था, एग्री प्रेन्योर से किया जाने का प्रावधान है । इसके आलोक में राज्य स्तरीय मुख्यालय कोषांग (एक्स्टेंशन रिफोर्म्स), राँची का पत्रांक 43 दिनांक 26.10.2009 द्वारा आत्मा के किसानोपयोगी प्रशिक्षणों में MASS, Ranchi को सम्मिलित करने का निदेश प्राप्त है। Joint Director (ER), Govt. of India/Ministry of Agriculture/ Department of Agriculture & Cooperation/Extension Reforms Unit- F.No. 27-19/ 2008-AE Dt. 15-12-2013 एवं निदेशक समेति का पत्रांक 43 दिनांक 26.11.2009 द्वारा अधिकृत MASS (Mobile Agriculture School & Services) Ranchi है । MASS (Mobile Agriculture School & Services), Ranchi के प्रबंध निदेशक, एक एग्री प्रेन्योर हैं ।

राजकीय कृषक प्रशिक्षण निम्नवत् विषयों पर किये जाने का प्रस्ताव है –

| क्रम सं. | प्रशिक्षण की संख्या | प्रशिक्षण हेतु संस्थान का नाम | प्रशिक्षण का विषय | सम्भावित अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 8 | MASS ( Mobile Agriculture School & Services) , Ranchi | जैविक खेती एवं रब्बी मौसम में उन्नत सब्जियों की वैज्ञानिक खेती | 19 से 23 सितम्बर 2019 एवं 24 से 28 सितम्बर 2019 |
| 2 | 2 | ICAR, HORTICULTURE RESEARCH STATION (PLANDU) , Ranchi | रबी एवं गर्मा मौसम में होने वाले सब्जी फसलों की खेती एवं प्रबंधन, कम पानी के उपयोग से सब्जी की खेती | दिसम्बर 2019 |
| 3 | 3 | Vikash Bharti, Bishunpur,Gumla | जैविक खेती एवं रब्बी मौसम में उन्नत सब्जियों की वैज्ञानिक खेती | दिसम्बर 2019 |
| 4 | 9 | Ramkrishna Mission Krishi Vigyan Kendra Ranchi & Exposure to Ormanjhi Farmers Field | पशु पालन एवं प्रबंधन एवं रॉची में कृषक प्रक्षेत्र भ्रमण, मृदा एवं जल संरक्षण एवं कृषक प्रक्षेत्र भ्रमण | जनवरी, 2020 |

उपरोक्त संस्थानों में कृषकों का राजकीय प्रशिक्षण कराने हेतु आत्मा शासकीय निकाय से स्वीकृति अपेक्षित है।

## ग) जिला अन्तर्गत प्रशिक्षण –

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम ने बताया कि जिला प्रसार कार्य योजना (District Extension Work Plan) के अनुसार जिला के कृषकों को जिला स्तरीय प्रति दल 30 कृषकों के दर से कुल 40 प्रशिक्षण जिला/प्रखण्ड स्तर पर दिया जाना है। प्रति प्रशिक्षण मो0 36,000/– (छत्तीस हजार) रू0 जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में कर्णांकित है । दिनांक 03.09.2019 को आत्मा प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा निम्नवत् विषयों पर प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया गया जो प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, प्रखण्ड तकनीकी दल के माध्यम से कुल 1200 कृषकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा –

1. मिट्टी नमूनों का संग्रहण, विश्लेषण एवं स्वयल हेल्थ कार्ड की उपयोगिता
2. बीजोपचार
3. समेकित पोषक तत्वों का प्रबंधन
4. समेकित कीट प्रबंधन
5. जल प्रबंधन
6. मशरूम की खेती
7. लाह की खेती
8. पशुओं का सामान्य बीमारी एवं प्रबंधन
9. Artificial Insemination
10. पशु चारा का प्रबंधन
11. मत्स्य पालन
12. रबी मौसम में खेती किए जाने वाले फसल का प्रबंधन
13. किसान केडिट कार्ड से संबंधित आवेदन भरने में होने वाले समस्या का निराकरण
14. फुलों की खेती एवं प्रबंधन

प्रखण्डवार प्रशिक्षणों की संख्या निम्नवत् है –

| क्रम सं. | प्रखण्ड का नाम | कुल प्रशिक्षणों की संख्या | कुल किसानों की संख्या | संस्थान का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जमशेदपुर | 1 | 30 | कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र |
| 2 | | 1 | 30 | कृषि विज्ञान केन्द्र |
| 3 | पोटका | 2 | 30 | कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र |
| 4 | | 2 | 30 | कृषि विज्ञान केन्द्र |
| 5 | डुमरिया | 2 | 30 | कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | | 2 | 30 | कृषि विज्ञान केन्द्र |
| 7 | पटमदा | 2 | 30 | कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र |
| 8 | | 2 | 30 | कृषि विज्ञान केन्द्र |
| 9 | बोड़ाम | 2 | 30 | कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र |
| 10 | | 2 | 30 | कृषि विज्ञान केन्द्र |
| 11 | मुसाबनी | 2 | 30 | कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र |
| 12 | | 1 | 30 | कृषि विज्ञान केन्द्र |
| 13 | गुड़बांधा | 2 | 30 | कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र |
| 14 | | 2 | 30 | कृषि विज्ञान केन्द्र |
| 15 | धालभूमगढ़ | 2 | 30 | कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र |
| 16 | | 1 | 30 | कृषि विज्ञान केन्द्र |
| 17 | चाकुलिया | 2 | 30 | कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र |
| 18 | | 2 | 30 | कृषि विज्ञान केन्द्र |
| 19 | बहरागोड़ा | 2 | 30 | कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र |
| 20 | | 2 | 30 | कृषि विज्ञान केन्द्र |
| 21 | घाटशिला | 2 | 30 | कृषि विज्ञान केन्द्र |
| 22 | | 2 | 30 | |
| | **कुल :** | **40** | **1200** | |

उपरोक्त विषयों का प्रखण्ड के आवश्यकताओं के अनुसार 3 दिवसीय प्रशिक्षण प्रखण्ड तकनीकी दल (BTT) द्वारा आयोजित किया जाएगा जिसमें विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केन्द्र एवं क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एवं विभागीय पदाधिकारी होंगे।

कृषकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र या सुविधानुसार प्रखण्ड परिसर अवस्थित आत्मा के अधीन कार्यरत कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र (ATIC) में कराये जाने हेतु आत्मा शासकीय निकाय से स्वीकृति आपेक्षित है।

(ii) **प्रत्यक्षण** –

**(क) कृषि प्रत्यक्षण –**

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019–20 में स्वीकृत जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में कुल 200 कृषि प्रत्यक्षण एवं 200 उद्यान एवं अन्य विषयों पर प्रत्यक्षण करने का प्रावधान है जिसके लिए 4,000 रू0 प्रति इकाई की दर से कुल 16.00 लाख राशि कर्णांकित है। प्रति प्रखण्ड निम्नवत् संख्या (इकाई) के अनुसार कुल 11 प्रखण्डों में प्रत्यक्षण के लिए कृषकों का चयन कर लिया गया है। कृषकों का चयन प्रखण्ड तकनीकी दल (BTT) एवं प्रखण्ड सलाहकार समिति द्वारा किया गया है।

| क्रम सं. | प्रखण्ड का नाम | कम पानी में कुलथी की खेती | उन्नत प्रभेद की सरसों की खेती के उत्पादन में वृद्धि | पशुपालकों के लिए हरा चारा | ब्रोकोली उत्पादन |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | उत्पादन एवं पशुओं के दुग्ध उत्पादन में वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जमशेदपुर | 0 | 12 | 5 | 10 |
| 2 | पोटका | 5 | 15 | 5 | 10 |
| 3 | पटमदा | 0 | 12 | 5 | 15 |
| 4 | बोड़ाम | 10 | 12 | 5 | 15 |
| 5 | मुसाबनी | 0 | 12 | 5 | 10 |
| 6 | डुमरिया | 5 | 12 | 5 | 10 |
| 7 | घाटशिला | 10 | 12 | 5 | 15 |
| 8 | धालभूमगढ़ | 5 | 12 | 5 | 15 |
| 9 | चाकुलिया | 5 | 12 | 5 | 15 |
| 10 | बहरागोड़ा | 20 | 12 | 5 | 15 |
| 11 | गुड़ाबांधा | 5 | 12 | 5 | 15 |
| | **कुल –** | **65** | **135** | **55** | **145** |

प्रत्यक्षण का कार्य आत्मा कार्यालय, प्रखण्ड तकनीकी दल (BTT) द्वारा क्रियान्वयन की जाएगी। इस कार्यक्रम में मार्गदर्शन एवं अनुश्रवण उप परियोजना निदेशक, आत्मा, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक द्वारा कृषकों को दी जाएगी एवं तकनीकी सुविधा कृषि विज्ञान केन्द, दारीसाई से प्राप्त की जाएगी।

उपरोक्त प्रखण्डवार लक्ष्य के अनुसार कुल 400 प्रत्यक्षण कार्यक्रम हेतु व्यय करने की स्वीकृति आत्मा शासकीय निकाय से अपेक्षित है।

**(iii) कृषक परिभ्रमण –**

**(क) अन्तर्राजकीय परिभ्रमण –**

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019–20 में स्वीकृत जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में कुल 6 कृषक समूह (प्रति समुह– 25 कृषक) का परिभ्रमण करने का प्रावधान है जिसके लिए 2.00 लाख की दर से 12.00 लाख राशि कर्णांकित है। कृषकों को कृषि एवं उद्यान में खेती की नई तकनीक की जानकारी हेतु कृषकों को राज्य के बाहर परिभ्रमण आत्मा के माध्यम से कराया जाएगा।

| क्रम सं. | विभाग का नाम | परिभ्रमण की संख्या | परिभ्रमण हेतु संस्थान का नाम | परिभ्रमण हेतु ले जाने वाले विभाग/संस्थान का नाम | परिभ्रमण का विषय | संभावित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कृषि, उद्यान एवं मत्स्य | 2 | इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्यालय, जोरा, रायपुर, एवं हॉर्टिकल्चर फार्म, चावड़ाबाग, | आत्मा | विभिन्न सब्जी एवं फलदार उद्यानिकी फसलों पर सुक्ष्म सिंचाई पद्धति का प्रयोग एवं उपयोग | दिसम्बर 2019 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | चंदनीडीह, नीयर टांटीबांध चौक, रायपुर | | | |
| 2. | | 1 | Krishi Vigyan Kendra, Jhabua, M.P | आत्मा | कड़कनाथ मुर्गा पालन एवं प्रबंधन | दिसम्बर 2019 |
| 3 | | 2 | Ramsagar Fishery Project , Bakura, West Bengal. & Moyna, Purbi Mednapur, W.B | आत्मा | कम्पोजिट मत्स्य पालन | दिसम्बर 2019 |
| 4 | गव्य विकास | 1 | National Dairy Research Institute (NDRI), Karnal | आत्मा | विभिन्न प्रजातियों के गव्य उनका पालन, प्रबंधन एवं दुग्ध उत्पादन क्षमता की जानकारी | दिसम्बर 2019 |
| | **कुल –** | **6** | | | | |

दिनांक 03.09.2019 को आयोजित आत्मा प्रबंधन समिति के द्वारा मत्स्य पालन पर परिभ्रमण हेतू रामसागर एवं मोयना प0 बंगाल एवं गव्य पालन के लिए National Dairy Research Institute (NDRI), Karnal में भेजने का सुझाव दिया गया ।

अर्न्तराजकीय परिभ्रमण के तहत् कृषकों को उपरोक्त संस्थानों में भेजने एवं कर्णांकित मद में राशि व्यय करने हेतु आत्मा शासकीय निकाय से स्वीकृति अपेक्षित है।

## (ख) राजकीय परिभ्रमण –

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019–20 जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में 33 (तैंतीस) ईकाई 825 कृषकों के लिए राजकीय परिभ्रमण का प्रावधान है। इसके लिए मो0 12.375 लाख राशि कर्णांकित है जिसके तहत् जिला के कृषकों को राज्य स्तर के कृषि संस्थानों एवं जिला के बाहर अवस्थित अच्छे नर्सरी, कृषक प्रक्षेत्र में कृषि एवं संबंद्ध विभागों के नई तकनीकों की जानकारी देने हेतु परिभ्रमण कराया जाएगा। परिभ्रमण का कार्य निम्नवत् संस्थान में किया जाएगा –

| क्रम सं. | प्रखंड की सं0 | परिभ्रमण की संख्या | परिभ्रमण हेतु संस्थान का नाम एवं इकाई |
|---|---|---|---|
| 1. | 11 | 33 | 1. ICAR, HORTICULTURE RESEARCH STATION (PLANDU) , Ranchi - 08<br>2. राज्य स्तर पर आयोजित कृषि संबंधी कार्यक्रम एवं स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कृषि मेला– 05<br>3. पॉल्ट्री फार्म होटवार, राँची – 05<br>4. झारखंड मिल्क फेडरेशन, राँची – 01<br>5. बी0ए0यू0 सूकर फार्म, राँची – 04<br>6. रॉची के आसपास के प्रगतिशील कृषकों के प्रक्षेत्र – 10 |

आत्मा शासकीय निकाय द्वारा उपरोक्त संस्थानों एवं कृषक प्रक्षेत्रों में कृषकों का राजकीय परिभ्रमण कराने एवं कर्णांकित मद की राशि व्यय करने की स्वीकृति दी जा सकती है।

**(ग) जिला अन्तर्गत परिभ्रमण –**

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019–20 जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में कुल 40 जिला स्तरीय कृषक परिभ्रमण करने का प्रावधान है। मो0 9000/– रू0 प्रति इकाई 1200 कृषकों के लिए राशि कर्णांकित है। जिसके तहत् रब्बी मौसम में धान/सब्जी की उन्नत खेती करने वाले प्रगतिशील कृषकों के प्रक्षेत्रों में, जिला स्तरीय आयोजित होने वाले कृषि मेला एवं कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि की नवीनतम तकनीक की जानकारी देने हेतु परिभ्रमण में ले जाया जाएगा। कुल 11 प्रखण्डों हेतु कुल 40 इकाई कृषक परिभ्रमण का कार्य प्रखण्ड में गठित प्रखण्ड तकनीकी दल (BTT) द्वारा **अक्टुबर, एवं दिसम्बर से जनवरी माह** में किया जाएगा ।

| क्रम सं. | प्रखंड की सं0 | परिभ्रमण की संख्या | परिभ्रमण हेतु संस्थान का नाम एवं इकाई / कृषकों की सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | 11 | 40 | 1. मॉडल नर्सरी, बालीगुमा फार्म, एवं कृषक प्रक्षेत्र सुकर फार्म – 04 – 120 कृषक<br>2. गौशाला केंचुवा खाद इकाई, चाकुलिया – 02 – 60 कृषक<br>3. जिला स्तर पर आयोजित कृषि मेला / स्थापना दिवस के अवसर पर विकास मेला – 04 –120 कृषक<br>4. लावपाड़ा ,गुड़ाबांदा में अवस्थित कृषक प्रक्षेत्र – 02 – 60 कृषक<br>5. घाटशिला में प्रगतिशील कृषक प्रक्षेत्र परिभ्रमण – 05 – 150 कृषक<br>6. खुंटाडीह, घाटशिला में अवस्थित कृषक प्रक्षेत्र – 05 – 150 कृषक<br>7. प्रगतिशील कृषक श्री ललित प्रसाद मंडल, पोटका के प्रक्षेत्र का परिभ्रमण – 2 इकाई – 60 कृषक<br>8. धालभूमगढ़ में मनरेगा के तहत् जल संचयन के लिए स्थापित कार्य का कृषि के प्रक्षेत्र में प्रभाव की जानकारी प्राप्त करने के लि परिभ्रमण – 8 इकाई – 240 कृषक<br>9. पटमदा में महिला समूह द्वारा किए जा रहे मुर्गी पालन एवं रखरखाव की जानकारी प्राप्त करने के लिए अन्य प्रखंडों के किसानों का परिभ्रमण – 8 इकाई – 240 कृषक |

आत्मा शासकीय निकाय द्वारा प्रगतिशील कृषकों के प्रक्षेत्रों में, जिला स्तरीय कृषि मेला एवं कृषि विज्ञान केन्द्र योजनान्तर्गत कृषकों का परिभ्रमण कराकर व्यय करने स्वीकृति दी जा सकती है।

(iv) **कृषक समूहों का क्षमता विकास प्रशिक्षण** –

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019–20 जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में कुल 11 कृषक समूहों का क्षमता विकास प्रशिक्षण करने का प्रावधान है। मो0 5,000/– रू0 प्रति इकाई की दर से कुल 11 कृषक समूहों के लिए मो0 55,000/– रू0 राशि कर्णांकित है। प्रखण्ड तकनीकी दल (BTT) द्वारा समूहों का चयन किया जा रहा है ।

(v) **जिला स्तरीय किसान मेला** –

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019–20 जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) के अनुसार 1 मेला लगाने का निर्देश प्राप्त है। किसान मेला का आयोजन करने हेतु जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में 4.00 लाख रूपये कर्णांकित है। किसान मेला का आयोजन माह जनवरी, 2020 एवं फरवरी, 2020 में जिला के दोनों अनुमंडल में आयोजित किया जाने का प्रस्ताव है।

**आत्मा शासकीय निकाय द्वारा प्रत्येक प्रखंड में एक – एक मेला आयोजन कर किसान मेला मद में व्यय करने की स्वीकृति अपेक्षित है।**

(vi) **प्रचार–प्रसार पुस्तिका का मुद्रण** –

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019–20 में जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) के अनुसार प्रचार–प्रसार पुस्तिका का मुद्रण का कराया जाना है जिसके तहत् Farm Information Dissemination through printed leaflets, Social Media मद में 1,00,000/– एवं Low Cost Publication मद में 7,90,000/– राशि कर्णांकित है। जिसके तहत प्रचार–प्रसार पुस्तिका का मुद्रण कराया जाना है।

| क्रमांक | प्रचार–प्रसार पुस्तिका का नाम |
|---|---|
| 1. | परीक्षण के लिए मिट्टी नमूना का संग्रहण |
| 2. | सुर्यमुखी की वैज्ञानिक खेती |
| 3. | मटर की वैज्ञानिक पद्वति से खेती |
| 4 | आत्मा की गतिविधियां एक नजर में (पत्रिका) |
| 5 | समेकित कृषि प्रणाली |
| 6 | ड्रीप एवं स्प्रींकलर प्रणाली की जानकारी |
| 7 | प्रगतिशील कृषकों की सफलता की कहानी |
| 8 | केंचुआ खाद का उत्पादन |
| 10 | मशरूम उत्पादन |

आत्मा शासकीय निकाय द्वारा प्रसार पुस्तिका का मुद्रण हेतु व्यय करने की स्वीकृति दी जा सकती है।

(vii) **तकनीकी फिल्म का निर्माण** –

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019–20 में जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) के अनुसार 5 (पाँच) तकनीकी फिल्म का निर्माण

किया जाना है जिसके तहत् प्रति फिल्म मो0 20,000/– की दर से कुल 1,00,000/– रू0 कर्णांकित है। तकनीकी फिल्म हेतू कृषक एवं स्थलों का चयन किया जा रहा है।

(viii) **कृषक वैज्ञानिक अंर्तमिलन** –

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019–20 जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) के अनुसार 2 कृषक वैज्ञानिक अंर्तमिलन का आयोजन प्रखण्ड स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से किया जाना है। कृषक वैज्ञानिक अंर्तमिलन हेतु मो0 40,000/– रू0 जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में कर्णांकित है। निदेशक, समेति, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 998 दिनांक 12.07.2013 के द्वारा प्रति इकाई 5,000/– की दर से कृषक वैज्ञानिक अंर्तमिलन कार्यक्रम करने का निर्देश प्राप्त है। जिसके तहत कुल 8 कार्यक्रम निम्नवत् संख्या के अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से कराया जाएगा –

| क्रम सं. | प्रखण्ड का नाम | कृषक वैज्ञानिक अंर्तमिलन की संख्या | क्रियान्वयन में सहयोग करने वाले संस्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | पोटका | 1 | कृषि विज्ञान केन्द्र (KVK,Darisai, Ghatshila) |
| 2. | जमशेदपुर | 1 | |
| 3. | पटमदा | 1 | |
| 4. | बोड़ाम | 1 | |
| 5. | घाटशिला | 1 | |
| 6. | धालभूमगढ़ | 1 | |
| 7. | चाकुलिया | 1 | |
| 8. | मुसाबनी | 1 | |
| | **कुल –** | **8** | |

आत्मा शासकीय निकाय द्वारा व्यय करने की स्वीकृति दी जा सकती है।

(ix) **किसान गोष्ठी/प्रक्षेत्र दिवस** –

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2019–20 जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) के अनुसार 22 किसान गोष्ठी/प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन प्रखण्ड स्तर पर किया जाना है । प्रति किसान गोष्ठी/प्रक्षेत्र दिवस मो0 15,000/– रू0 जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में कर्णांकित है। निदेशक, समेति, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 998 दिनांक 12.07.2013 के द्वारा प्रति इकाई 5,000/– की दर से किसान गोष्ठी/प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम करने का निर्देश प्राप्त है। जिसके तहत कुल 66 किसान गोष्ठी/प्रक्षेत्र दिवस प्रखण्ड तकनीकी दल द्वारा खरीफ एवं रबी मौसम में कराया जाएगा जो निम्न्वत् है –

| क्रम सं. | प्रखण्ड का नाम | किसान गोष्ठी/प्रक्षेत्र दिवस की संख्या | क्रियान्वयन करने वाले संस्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | जमशेदपुर | 6 | प्रखण्ड तकनीकी दल (BTT) |
| 2. | पोटका | 6 | |
| 3. | पटमदा | 6 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | बोड़ाम | 6 | |
| 5. | घाटशिला | 6 | |
| 6. | धालभूमगढ़ | 6 | |
| 7. | चाकुलिया | 6 | |
| 8. | गुड़ाबांदा | 6 | |
| 9. | बहरागोड़ा | 6 | |
| 10. | मुसाबनी | 6 | |
| 11. | डुमरिया | 6 | |
| | **कुल –** | **66** | |

आत्मा शासकीय निकाय द्वारा चैम्बर ऑफ फार्मर के किसानों को गोष्ठी के दौरान योजना का प्रसार – प्रचार के लिए मुद्रित टी – शर्ट देने का निदेश दिया एवं उक्त मद में व्यय करने की स्वीकृति दी जा सकती है।

(x) <u>कृषक पाठशाला</u> –

परियोजना निदेशक, आत्मा ने बताया कि वर्ष 2019–20 में स्वीकृत जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में 33 कृषक पाठशाला की स्थापना करने का प्रावधान है जिसका स्थापना ग्राम/पंचायत स्तर पर कृषि के नये तकनीकों का प्रसार हेतु प्रत्यक्षण के माध्यम से किया जाना है। प्रति कृषक पाठशाला की स्थापना हेतु मो0 29,414/– रूपये जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में कर्णांकित है। उन्नत तकनीक से खेती कर अधिक से अधिक फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए 33 कृषक पाठशाला प्रखण्डवार निम्नवत् है –

| क्रम सं0 | प्रखंड | ग्राम | पंचायत | कृषक पाठशाला में संचालित तकनीक का नाम | संचालक का नाम | मो0 सं0 | पाठशाला प्रारंभ करने की तिथि | पाठशाला समाप्त करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पोटका | झारिया | भाटीन | फुलगोभी में बोरन का प्रभाव | जगदीश सोरेन | 7632011025 | 13.09.19 | 30.12.19 |
| 2 | | तुड़ी | तेंतला | सरसों की उन्नत खेती | श्यामचरण मुर्मू | | 06.09.19 | 26.012.19 |
| 3 | | ढेंगाम | नारदा | सूर्यमुखी की जैविक खेती | युधिष्ठिर गोप | 7739846631 | 04.09.19 | 28.12.19 |
| 4 | जमशेदपुर | बनामगुट्टु | दलदली | टमाटर में बोरन का प्रभाव | विरेन हांसदा | 9006871803 | 07.09.19 | 11.01.20 |
| 5 | | तालसा | केरवाडुंगरी | सरसों की उन्नत खेती | प्रधान मार्डी | 8987862115 | 02.09.19 | 21.01.20 |
| 6 | | गोड़ाडीह | हितकु | टमाटर में बोरन का प्रभाव | मोंटु महतो | 9348808151 | 09.09.19 | 22.01.20 |
| 7 | पटमदा | इंद्राटाँड़ | बनकुचिया | फुलगोभी में बोरन का प्रभाव | हिमांशु महतो | 7739017503 | 04.10.19 | 01.12.19 |
| 8 | | जामडीह | जोड़सा | फुलगोभी में बोरन का प्रभाव | जितेन महतो | | 30.09.19 | 30.11.19 |
| 9 | | धुसरा | धुसरा | स्वी विधि से गेहूं की खेती | दीनबंध सिंह | 8987496448 | 05.12.19 | 30.03.20 |
| 10 | बोड़ाम | पैनादा | गौरडीह | स्वी विधि से गेहूं की खेती | पूर्णचंद्र महतो | 9631010033 | 04.12.19 | 27.02.20 |
| 11 | | पोखरिया | पोखरिया | टमाटर में फेरामेन ट्रैप का प्रयोग | विष्णुपद महतो | 9932885973 | 05.09.19 | 21.11.19 |
| 12 | | रसिकनगर | रसिकनगर | फुलगोभी में बोरन का प्रभाव | त्रिलोचन महतो | 7484030448 | 27.09.19 | 03.12.19 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | घाटशिला | केंदोपोसी | काड़ाडुबा | टमाटर की उन्नत खेती | बादल कु0 टुडू | 7903034586 | 10.10.19 | 12.02.20 |
| 14 | | बालीडीह | झाटीझरना | सरसों की उन्नत खेती | रामलाल हेम्ब्रम | 9470131053 | 14.10.19 | 17.02.20 |
| 15 | | तेतलाकोचा | भादुआ | स्वी विधि से गेहूं की खेती | बुद्धेश्वर सिंह | 9546457885 | 09.10.19 | 13.02.20 |
| 16 | धालभूमगढ़ | चुकरीपाड़ा | चुकरीपाड़ा | स्वी विधि से गेहूं की खेती | चरण हांसदा | 6002876564 | 10.10.19 | 07.02.20 |
| 17 | | जोड़सोल | नुतनगढ़ | सरसों की उन्नत पंक्तिवद्ध खेती | रूपाई मुर्मू | 8521061207 | 15.10.19 | 06.02.20 |
| 18 | | छबिसा | कनास | चना की पंक्तिवद्ध खेती | दुलाराम हांसदा | 7488330615 | 12.10.19 | 04.02.20 |
| 19 | चाकुलिया | रघुनाथपुर | सोनाहातू | टमाटर की उन्नत खेती | खुदीराम | 8340683050 | 17.09.19 | 04.01.20 |
| 20 | | मधुवासोली | माटियाबांदी | सरसों की उन्नत खेती | | | 10.10.19 | 04.02.20 |
| 21 | | कालियाम | कालियाम | स्वी विधि से गेहूं की खेती | अनंग भुषण महतो | 7761847799 | 30.10.19 | 20.02.20 |
| 22 | बहरागोड़ा | जाड़ाबनी | मुटुरखाम | मुँग की उन्नत खेती | सीतल हेम्ब्रम | 9113329983 | 10.08.19 | 25.10.19 |
| 23 | | बानाबुड़ा | डोमजुड़ी | धान का पंक्तिवद्ध खेती | अनिल कु0 दास | 9776691244 | 05.07.19 | 18.11.19 |
| 24 | | पुरनापानी | पुरनापानी | गेहूं की पंक्तिवद्ध खेती | पानसोरी हांसदा | 8294936679 | 05.11.19 | 06.02.20 |
| 25 | गुड़ाबांदा | मुचरीसोल | गुड़ाबांदा | धान का पंक्तिवद्ध खेती | संजीव सिंह | 8102087697 | 10.08.19 | 07.09.19 |
| 26 | | माछभंडार | फ0 ब्लाक | मक्का का पंक्तिवद्ध खेती | सुधीर लोहार | 6202101552 | 13.08.19 | 11.09.19 |
| 27 | | नामोलेपो | भालकी | उरद की पंक्तिवद्ध खेती | कुनुराम माझी | 6207007349 | 12.08.19 | 09.09.19 |
| 28 | मुसाबनी | वासपुर | माटिगोड़ा | फुलगोभी में बोरन का प्रभाव | सुसेन कालिंदी | 9123245365 | 10.10.19 | 12.02.20 |
| 29 | | बड़ाघाट | सुरदा | सरसों की उन्नत खेती | राघव मुर्मू | 9608578794 | 14.10.19 | 17.02.20 |
| 30 | | ईचड़ा | उ0 ईचड़ा | टमाटर की उन्नत खेती | असित सिंह | 7463030992 | 15.10.19 | 16.01.20 |
| 31 | डुमरिया | चटानीपानी | धोलाबेड़ा | चना का पंक्तिवद्ध खेती | वास्ता सोरेन | 8404882611 | 04.09.19 | 4.12019 |
| 32 | | खैरबनी | खैरबनी | स्वी विधि से गेहूं की खेती | दिवाकर मार्डी | 6299045603 | 13.09.19 | 25.01.20 |
| 33 | | चईडीहा | आस्ताकोवाली | मुँग की उन्नत खेती | मलय साव | 8658062131 | 05.11.19 | 12.02.19 |

आत्मा शासकीय निकाय द्वारा उपरोक्त कुल 33 कृषक पाठशाला के संचालन हेतु व्यय करने की स्वीकृति दी जा सकती है।

**(xi) आत्मा, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंसन योजनान्तर्गत संविदा पर कार्यरत प्रसार कर्मियों के मानदेय के भुगतान की स्वीकृति –**

परियोजना निदेशक, आत्मा ने बताया कि वर्ष 2019–20 में स्वीकृत जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में आत्मा, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत कार्यरत कार्यालय कर्मी एवं प्रसार कर्मियों को मानदेय भुगतान हेतु वेतन मद में कुल 107.90808 लाख राशि (ई0पी0एफ0 सहित) स्वीकृत है। आत्मा, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत जिलावार एवं प्रखण्डवार कार्यरत कर्मी निम्नवत् है –

| क्रम सं0 | कर्मियों का नाम | पदनाम | पदस्थापन |
|---|---|---|---|
| 1 | गीता कुमारी | उप परियोजना निदेशक | जिला कार्यालय |
| 2 | अर्जुन सोरेन | कम्प्युटर ऑपरेटर | जिला कार्यालय |
| 3 | प्रतिमा बानरा | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक | पदस्थापित जिला कार्यालय |
| 4 | तरूण महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | पदस्थापित प्रखण्ड बोड़ाम प्रतिनियुक्त जिला कार्यालय |
| 5 | कुमारी लक्ष्मी सोरेन | सहायक तकनीकी प्रबंधक | पदस्थापित प्रखण्ड घाटशिला प्रतिनियुक्त जिला कार्यालय |
| 6 | कौशल कुमार झा | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड पोटका |
| 7 | संधीर कुमार खलखो | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड धालभूमगढ़ |
| 8 | बोधादित्य हाँसदा | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड चाकुलिया |
| 9 | प्रबीर कुमार | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड बहरागोड़ा |
| 10 | बृजेश कुमार | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड घाटशिला |
| 11 | अनिता कुमारी | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड जमशेदपुर |
| 12 | शशीकला महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड जमशेदपुर |
| 13 | शशिकला कुमारी | सहायक तकनीकी प्रबंधक | पदस्थापित प्रखण्ड जमशेदपुर प्रतिनियुक्त कृषि निदेशालय, राँची |
| 14 | प्रतिमा महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड पोटका |
| 15 | सुशील कुमार महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड पटमदा |
| 16 | राजकुमार महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड पटमदा |
| 17 | चैताली दत्ता | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड पटमदा |
| 18 | फुलकेश्वर महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड बोड़ाम |
| 19 | जितेन्द्रनाथ रूहीदास | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड बोड़ाम |
| 20 | सालगे सोरेन | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड मुसाबनी |
| 21 | राजु सरदार | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड डुमरिया |
| 22 | धरमेन्द्रनाथ महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड पोटका |
| 23 | दिलेश्वर महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड घाटशिला |
| 24 | रसोराज महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड धालभूमगढ़ |
| 25 | हिरनमय महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड चाकुलिया |
| 26 | अमित कुमार | सहायक तकनीकी प्रबंधक | पदास्थापित प्रखण्ड चाकुलिया प्रतिनियुक्त चाईबासा जिला |
| 27 | निर्मल कुमार महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड बहरागोड़ा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | दीपक कुमार नायक | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड गुड़ाबाधा |
| 29 | बासुदेव प्रसाद महतो | सहायक तकनीकी प्रबंधक | प्रखण्ड गुड़ाबाधा |

आत्मा शासकीय निकाय द्वारा प्रसार कर्मियों को वित्तीय वर्ष 2019–20 में उनके उपस्थिति के अनुसार मानदेय का भुगतान करने की स्वीकृति दी जा सकती है।

(xii) **अन्यान्य –**

1. परियोजना निदेशक, आत्मा ने बताया कि आत्मा कार्यालय में कार्यालय एवं शौचालय की सफाई के लिए कर्मी नियुक्त नहीं है जिसके कारण कार्यालय साफ रखने में असुविधा हो रही है । कार्यालय एवं शौचालय की सफाई के लिए महीना में अलग अलग दो कर्मी को 10 दिनों के लिए नियुक्त किया जा सकता है । जिसका भुगतान योजना के अन्यान्य मद से किया जाएगा।

आत्मा शासकीय निकाय द्वारा श्रम विभाग, झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित दर पर भुगतान करने की स्वीकृति दी जा सकती है।

2. जिला स्तर पर जिला कृषक सलाहकार समिति एवं प्रखंड स्तर पर प्रखंड सलाहकार समिति का गठन गाँव के अंतिम किसान तक योजना की जानकारी पहुँचाने एवं कृषि संबंधी सूचनाओं का आदान –प्रदान के लिए किया गया है । आत्मा मार्गदर्शिका, 2018 के पृष्ठ सं0 56 अनुसार के जिला स्तर पर चार बैठक किया जाना है । वर्ष 2019–20 में स्वीकृत जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) में जिला कृषक सलाहकार समिति के बैठक के लिए कुल 20,000 रू स्वीकृत है । कुल चार बैठकों में प्रति बैठक 11 किसानों को आने जाने एवं अल्पाहार के लिए उक्त मद से व्यय किया जा सकता है। किसानों को यात्रा व्यय हेतू वास्तविक राशि का भुगतान किया जा सकता है ।

3. जिला स्तर पर आत्मा शासकीय निकाय की बैठक में प्रगतिशील कृषकों के द्वारा प्रखंड के किसानों के लिए प्रतिनिधित्व किया जाता है । इनके यात्रा की राशि वास्तविक व्यय के अनुसार भुगतान योजना के अन्यान्य मद से किया जा सकता है ।

4. परियोजना निदेशक, आत्मा ने बताया कि आत्मा कार्यालय को समेति, झारखण्ड एवं मैनेज, हैदराबाद द्वारा प्रसार कार्यक्रम के तहत् सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंसन के अतिरिक्त Diploma in Agriculture & Extension services for input dealer (DAESI ) एवं अन्य प्रशिक्षण के लिए आवंटन उपलब्ध कराया जाता है। जिसमें प्रशिक्षण सभागार के रख रखाव के लिए राशि उपलब्ध होता है जो कि कार्यालय का आय होता है। ऐसे राशि को योजना के मुख्य बैंक खाता में रखने से लेखा संधारण में दिक्कतें आ सकती है। ऐसे राशि का लेखा संधारण अलग से करते हुए अलग बैंक खाता **कार्पस फंड** के नाम से खोला जा सकता है, जो कि भविष्य में कार्यालय के विभिन्न कार्यों में खर्च किया जा सकता है।

आत्मा शासकीय निकाय द्वारा सर्वसम्मति से निर्णयोपरांत उपरोक्त अन्यान्य प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान किया जा सकता है।

समिति द्वारा सूचना ग्रहण की गई एवं सम्यक विचारोपरांत सर्वसम्मति से विभागीय नियमानुसार योजना के क्रियान्वयन पर सहमति प्रदान की गई।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

19/12/19

परियोजना निदेशक,
आत्मा, पूर्वी सिंहभूम।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
आत्मा, पूर्वी सिंहभूम।

ज्ञापांक 392 /आत्मा, दिनांक 30.12., 2019 ।

प्रतिलिपि : आत्मा शासकीय निकाय (AGB) के माननीय सभी सदस्यगण, पूर्वी सिंहभूम को सूचनार्थ सर्मर्पित।

30/12/19

परियोजना निदेशक,
आत्मा, पूर्वी सिंहभूम।

ज्ञापांक 392 /आत्मा, दिनांक 30.12., 2019 ।

प्रतिलिपि : 1. उपायुक्त–सह–अध्यक्ष/उप विकास आयुक्त–सह–उपाध्यक्ष, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।
2. निदेशक समेति, झारखण्ड, राँची।
3. कृषि निदेशक–सह–राज्य नोडल पदाधिकारी (SMAE), झारखण्ड, राँची।
4. सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

30/12/19

परियोजना निदेशक,
आत्मा, पूर्वी सिंहभूम।